# न्यूज़ रिलीज़

Ontario

**वित्त मंत्रालय**

# *आपके लिए ओंटारियो का निर्माण*

## ओंटारियो के ***2024 शरदकालीन आर्थिक वक्तव्य*** में प्रांतीय अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण में निवेश जारी रखने के साथ-साथ श्रमिकों और परिवारों के लिए लागत कम रखने का प्रावधान है।

न्यूज़ अक्टूबर 30, 2024

टोरंटो — आज, वित्त मंत्री Peter Bethlenfalvy ने *2024 ओंटारियो आर्थिक दृष्टिकोण और राजकोषीय समीक्षा: आपके लिए ओंटारियो का निर्माण जारी की।* सरकार हमारे बढ़ते समुदायों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण, ग्रिडलॉक (चौराहे पर वाहनों के प्रवेश से उत्पन्न अवरोध) को कम करने, तथा करों को कम रखकर और आपकी जेब में अधिक पैसा डालकर जीवन को अधिक किफ़ायती बनाने की दिशा में वित्तीय रूप से ज़िम्मेदार दृष्टिकोण अपना रही है।

मंत्री Bethlenfalvy ने कहा, "हमारी सरकार के ज़िम्मेदार दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप *2024 के बजट* के बाद से राजकोषीय स्थिति में सुधार हुआ है, जिससे हमें करों को कम रखने, सड़कों, राजमार्गों, अस्पतालों और स्कूलों जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश करने, और लागत कम रखने की हमारी योजना के हिस्से के रूप में ओंटारियो में रहने वाले परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने की अनुमति मिली है।" "हम ओंटारियो के विकास का समर्थन करने और ओंटारियो की अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण करने के लिए ज़िम्मेदारी से निवेश करना जारी रखेंगे ताकि हमारा प्रांत रहने, काम करने और परिवार पालने के लिए सबसे अच्छी जगह बन सके, साथ ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऋण का बोझ भी कम हो।"

सरकार की योजना घाटे को कम करती है और 2026-27 तक बजट को संतुलित करने का रास्ता बनाए रखती है, भले ही अनिश्चित वैश्विक आर्थिक स्थिति और सरकार के नियंत्रण से परे अन्य बाधाएँ हों। *2024 के बजट* की तुलना में, ओंटारियो को 2024 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद और रोज़गार दोनों में मज़बूत वृद्धि देखने का अनुमान है।

सरकार *2024 के शरदकालीन आर्थिक वक्तव्य* में किस प्रकार लागत कम रख रही है, इसकी मुख्य बातें में शामिल हैं:

- अगले साल की शुरुआत में $200 करदाता छूट प्रदान करना, जो उच्च ब्याज दरों और संघीय कार्बन कर के कारण ओंटारियो में रहने वाले परिवारों को तत्काल राहत देगा। यह प्रस्तावित $200 करदाता छूट ओंटारियो में उन सभी पात्र वयस्कों को भेजी जाएगी, जिन्होंने 31 दिसंबर, 2024 तक अपना 2023 का आयकर और लाभ रिटर्न दाखिल कर दिया है। पात्र परिवारों को 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे के लिए अतिरिक्त $200 मिलेंगे।

- अस्थायी गैस कर और ईंधन कर दर में कटौती को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है ताकि गैसोलीन और ईंधन (डीज़ल) पर कर की दर 30 जून, 2025 तक 9 सेंट प्रति लीटर पर बनी रहे। इससे जुलाई 2022 के बाद से तीन वर्षों में ओंटारियो में रहने वाले परिवारों को औसतन $380 की बचत होगी। यह राहत विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि संघीय कार्बन कर 1 अप्रैल, 2025 को फिर से बढ़ने वाला है।

- 2026 से शुरू होकर, सरकार 1,360 पात्र पूर्वस्नातक छात्रों के लिए लर्न एंड स्टे अनुदान का विस्तार करने के लिए तीन वर्षों में अनुमानित $88 मिलियन का निवेश कर रही है, जो स्नातक होने के बाद रोगियों की पूरी सूची के साथ पारिवारिक चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें 2026-27 शैक्षणिक वर्ष के लिए $17.7 मिलियन शामिल हैं। यह अनुमान है कि कुल निवेश पारिवारिक डॉक्टरों के लिए औसत अनुलग्नक दरों के आधार पर अतिरिक्त 1.36 मिलियन लोगों को प्राथमिक देखभाल-सेवा से जोड़ने में सक्षम करेगा। यह फ़ंडिंग ओंटारियो में किसी भी समुदाय में चिकित्सक के रूप में सेवा की अवधि के बदले में सभी ट्यूशन और अन्य प्रत्यक्ष शैक्षिक लागतों जैसे किताबें, आपूर्ति (सप्लाईज़) और उपकरण को कवर करेगी।

- प्रजनन संबंधी उपचार चाहने वाले परिवारों के लिए पहुंच का विस्तार करना। 2025-26 से शुरू होकर, सरकार ओंटारियो प्रजनन कार्यक्रम (Ontario Fertility Program-OFP) का विस्तार करने के लिए दो वर्षों में अतिरिक्त $150 मिलियन का निवेश करेगी। यह वित्तपोषण उन व्यक्तियों की संख्या को लगभग तीन गुना कर देगा जो सरकार द्वारा वित्तपोषित इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) चक्र प्राप्त करने में सक्षम हैं, जिससे प्रजनन क्लिनिकों की क्षमता बढ़ेगी और अस्पतालों और सामुदायिक सेटिंग्स में प्रतीक्षा सूची कम होगी। सन् 2025 में, सरकार एक नए कर क्रेडिट के माध्यम से प्रजनन उपचार चाहने वाले परिवारों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करेगी, जो ओंटारियो के निवासियों के लिए पात्र प्रजनन उपचार व्यय के 25 प्रतिशत तक का समर्थन प्रदान करेगा, जो प्रति वर्ष अधिकतम $5,000 तक होगा, जिसमें IVF चक्र, प्रजनन संबंधी दवाएं, उपचार के लिए यात्रा और नैदानिक परीक्षण शामिल हो सकते हैं। सरकार इस पहल के लिए तीन वर्षों में $115 मिलियन अलग रख रही है।
- ओंटारियो म्यूनिसिपल पार्टनरशिप फ़ंड (Ontario Municipal Partnership Fund - OMPF) — प्रांत की नगरपालिकाओं को दी जाने वाली मुख्य सामान्य सहायता अनुदान — को अगले दो वर्षों में $100मिलियन तक बढ़ाया जाएगा, जिससे 2026 तक इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदान की जाने वाली कुल धनराशि $600 मिलियन हो जाएगी। सन् 2025 में, नगरपालिकाओं को OMPF में तत्काल $50 मिलियन की वृद्धि से लाभ होगा।

मंत्री Bethlenfalvy ने कहा, "हम ओंटारियो की अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण की अपनी योजना पर काम कर रहे हैं, ओंटारियो के श्रमिकों के लिए बेहतर नौकरियाँ और बड़े वेतन का सृजन कर रहे हैं, जबकि परिवारों और व्यवसायियों के लिए लागत कम रख रहे हैं।" "हम श्रमिकों, परिवारों और नगरपालिकाओं की सहायता कर रहे हैं, उनकी सफलता में निवेश कर रहे हैं ताकि आने वाले वर्षों में मज़बूत समुदाय और बेहतर अवसर पैदा किए जा सकें।"

## *त्वरित तथ्य*

- सरकार अब 2024-25 में $6.6 बिलियन के घाटे का अनुमान लगा रही है — जो *2024 के बजट* में प्रकाशित दृष्टिकोण से $3.2 बिलियन का सुधार है। यह निकट अवधि के जोखिमों को कम करने के लिए अद्यतन आर्थिक और राजस्व जानकारी और उच्च आकस्मिकताओं को दर्शाता है।

- मध्यम अवधि में, सरकार 2025-26 में $1.5 बिलियन का घाटा और उसके बाद 2026-27 में $0.9 बिलियन का अधिशेष होने का अनुमान लगाती है।
- 2024-25 के लिए ओंटारियो का शुद्ध ऋण-से-GDP अनुपात 37.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। मध्यम अवधि में, शुद्ध ऋण-से-GDP अनुपात 2025-26 में 37.9 प्रतिशत और 2026-27 में 37.5 प्रतिशत होने का अनुमान है।
- ओंटारियो के ऐतिहासिक बुनियादी ढांचे में अगले दशक में पारगमन, राजमार्ग, आवास-सक्षम बुनियादी ढांचे, अस्पतालों, स्कूलों, दीर्घकालिक देखभाल सुविधा-केंद्रों और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और सुधार के लिए $191 बिलियन से अधिक का निवेश शामिल है।
- 14 नवंबर, 2024 को सरकार *2025 के बजट* को सूचित करने में मदद करने के लिए परामर्श शुरू करेगी और आज की सबसे बड़ी चुनौतियों पर ओंटारियो के निवासियों से बात करेगी, जैसे कि जीवन को और अधिक किफ़ायती बनाना, और अधिक घरों, स्कूलों का निर्माण करना, और ओंटारियो श्रमिकों के लिए अच्छी नौकरियों का सृजन करना।

## अतिरिक्त संसाधन

2024 *ओंटारियो आर्थिक परिदृश्य और राजकोषीय समीक्षा पढ़ें - आपके लिए ओंटारियो का निर्माण*

*आपके लिए ओंटारियो का निर्माण* की मुख्य बातें पढ़ें

*बैकग्राउंडर: आर्थिक और राजकोषीय सिंहावलोकन को पढ़ें*

*2024 बजट: एक मज़बूत ओंटारियो का निर्माण करना को पढ़ें*

## मीडिया संपर्क

Colin Blachar
मंत्री कार्यालय
416-325-0400
Colin.Blachar@ontario.ca

Ontario.ca/finance-news
Disponible en français

Scott Blodgett
संचार शाखा
416-728-9791
Scott.Blodgett@ontario.ca